तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

4 रोज ग्राहक करा रहे पीएम सूर्य घर का सेटअप इंस्टॉलेशन





## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे एक ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया। दुर्घटना में युवक के सिर, चेहरे और नाक पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चोढ़ा चौक निवासी मेन सिंह राठिया पिता रविलाल राठिया जो पेशे से चालक हैं। बीते 2 जुलाई की सुबह अपने बच्चे के लिए कपड़े खरीदने खरसिया जा रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 बीसी 3150 से घर से निकला था। इसी बीच दोपहर करीब 12:15 बजे जब वह हनुमान पंचमुखी मंदिर, मेन रोड खरसिया के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 बीके 6185 के चालक ने वाहन को तेज गति और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मेन सिंह राठिया बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उनके सिर, मुंह, नाक और चेहरे पर चोटें आईं तथा खून बहने लगा। दुर्घटना के बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए खरसिया अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज कराया गया। घटना में मोटरसाइकिल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 125(ए) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### मिडिल स्कूल के शिक्षकों के लिए जारी हुआ फरमान, समय को लेकर बढ़ रही नाराजगी

# स्कूल से लौटकर शाम को घर में डेढ़ घंटा ट्रेनिंग करेंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि आप मिडिल स्कूल के शिक्षक हैं तो आप स्कूल से जब शाम को लौटेंगे तो घर में आपको डेढ़ घंटे की ट्रेनिंग लेनी पड़ेगी। चाहे घर में आपका कोई भी काम हो उसे छोड़कर ऑनलाइन ट्रेनिंग करना जरुरी है। ऐसा नहीं करेंगे तो हो सकता है आपके खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई भी हो जाए। यह ट्रेनिंग इसलिए दी जा रही है क्यों कि एससीईआरटी और एनसीईआरटी द्वारा तैयार कक्षा 7 वीं में नया किताब लागू की गई है। इसलिए इसकी ट्रेनिंग जरुरी है। इसके लिए लिए हर शाम को डेढ़ घंटे कम से कम आपको देना ही होगा। एससीईआरटी के इस फरमान से शिक्षकों में भारी नाराजगी है। नाराजगी समय को लेकर है। दिन भर स्कूल में बच्चों को पढ़ाना और जब घर पहुंचेंगे तो ऑनलाइदन ट्रेनिंग का झंझट। इसलिए इस ट्रेनिंग को लेकर शिक्षकों को दिक्कत होने की बात कही जा रही है।

एससीईआरटी की ओर से यह समय स्कूली बच्चों की पढ़ाई किसी तरह बाधित न हो इसलिए तय की गई है। हालांकि एससीईआरटी के अधिकारियों के लिए यह समय ट्रेनिंग के लिए अनुकूल हो सकता है, लेकिन दिनभर स्कूल में ड्यूटी के बाद शिक्षकों के लिए किसी भी तरीके से संभव नहीं है। घर में उनके परिवार के साथ बाल-बच्चे रहते हैं। स्कूल से आने के बाद उनको भी समय देना होता है। दूसरी ओर घर में किस तरह की ट्रेनिंग होगी, ध्यान तो अन्य कामों में रहेगा, यह भी एक तरह से परेशानी की बात है। इसमें कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के सभी विषय के शिक्षक और एचएम को शामिल होना जरुरी है। हर विषय के लिए अलग- अलग शेड्यूल तय कर दिया गया है। इस फरमान में स्पष्ट कर दिया है कि ट्रेनिंग स्कूल समय के बाद और अवकाश के दिनों में ही कराया जाएगा। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी।

**खास बात**

- एससीईआरटी और एनसीईआरटी द्वारा तैयार कक्षा 7 वीं में नया किताब किया गया है लागू



**गुगल मीट या वेबेक्स में होगी ट्रेनिंग**

यह ट्रेनिंग ब्लॉक स्तर पर होगी। इसके लिए शिक्षकों को गुगल मीट, वेबेक्स या अन्य प्लेटफार्म का उपयोग करना है,जिसमें सभी प्रतिभागियों से सीधी बातचीत हो सके। एक विषय में करीब 20 सत्र होंगे। हर सत्र के बीच में ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। इससे पता चलेगा कि कौन उपस्थित है और कौन नहीं। इसके अलावा ट्रेनिंग चालू होने से पहले ही एक प्रतिभागियों की एक वाट्सएप ग्रुप बनाने कहा गया है जिसमें शिक्षकों को असाइमेंट दिया जाएगा। खास बात यह है कि इस तरह की ट्रेनिंग पहले धरमजयगढ़ डाइट में होती थी। इस बार भी डाइट ही ट्रेनिंग कराएगा, लेकिन खर्च बचाने के लिहाज से ऑनलाइन करा रहा है। इसमें शिक्षकों को केवल समय को लेकर ही तकलीफ है।

**कहां कितने शिक्षक**

| ब्लॉक | संख्या |
|---|---|
| धरमजयगढ़ | 424 |
| घरघोड़ा | 135 |
| खरसिया | 507 |
| लैलूंगा | 352 |
| पुसौर | 294 |
| रायगढ़ | 423 |
| तमनार | 179 |

## अपराधों में नाबालिग सहित एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चौकी रैरूमाखुर्द एवं धरमजयगढ़ पुलिस ने 15 वर्षीय गुम बालिका को अपराध बालक के चंगुल से बरामद किया। अपचारी बालक उसे शादी का झांसा देकर भगाकर ले गया था, जहां उसने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए। वहीं एक अन्य मामले में महिला पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

बीते 14 जून को 15 वर्षीय बालिका की मां ने रैरूमाखुर्द चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी 10 जून से लापता ह। अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त की। इस शिकायत के आधार पर चौकी रैरूमाखुर्द में धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान लगातार पतासाजी के बाद 18 जून को गुम बालिका को उसकी मां द्वारा पुलिस चौकी में प्रस्तुत किया गया, जहां उसकी बरामदगी की कार्रवाई की गई। महिला अधिकारी से बालिका का कथन दर्ज कराया गया। जिसमें बालिका ने बताया कि उससे परिचित अपचारी बालक उसे शादी करने का झांसा देकर जबरन अपने गांव ले गया था, जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाया। इस प्रकरण में धारा 64(2)(एम), 65(1) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 जोड़ी गई। इस मामले में संलिप्त अपचारी बालक को अपहरण और पॉक्सो एक्ट मे हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई की है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## किशोर पर टांगी से हमला, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** जिले के कापू क्षेत्र के मांझापारा गांव में शादी समारोह से लौट रहे एक किशोर पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में किशोर के चेहरे पर गंभीर चोट आई है और उसके दो दांत टूटने की बात कही गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मांझापारा कापू निवासी 17 वर्षीय सुनील कुमार जांगड़े ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 2 जुलाई की रात उसके चाचा चितरू जांगड़े के घर शादी समारोह आयोजित था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने साथी दीपक जांगड़े के साथ पैदल घर लौट रहा था। रात करीब 11 बजे रास्ते में उसकी मुलाकात संतोष यादव और संजु यादव से हुई। शिकायत के मुताबिक, संतोष यादव ने ट्रैक्टर में 500 रुपये का डीजल डलवाने के लिए कहा, जिस पर सुनील ने पैसे नहीं होने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान गांव का राजेश मिर्रे भी वहां पहुंच गया और संजु यादव के कथित उकसावे पर उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।



4-Jul -RAIGARH-pg-02_Layout 1 7/4/2026 9:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### आदिवासी समुदाय ने सौंपा चार सूत्रीय मांग पत्र

जशपुरनगर। जिले के अनुसूचित क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ.आशा लकड़ा को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर अनुसूचित क्षेत्रों से जुड़े संवैधानिक एवं भूमि अधिकार संबंधी मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि संविधान के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित क्षेत्रों में गठित नगर पालिका, नगर निगम एवं नगर पंचायतों को समाप्त किया जाए। अनुसूचित क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन एवं अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन की योजनाएं केवल अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए लागू की जाएं तथा गैर-आदिवासियों के लिए ऐसी योजनाओं पर रोक लगाई जाए। संविधान की पांचवीं अनुसूची के तहत राज्यपाल की शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 को अनुसूचित क्षेत्रों में आवश्यक अपवादों एवं उपांतरणों के साथ लागू करने की मांग की गई है। पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित शरणार्थियों को पुनर्वास के तहत आवंटित भूमि के गैर-आदिवासियों को अंतरण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

### रास्ता रोककर युवक से मारपीट, एसएसपी से शिकायत



रायगढ़। शहर के कोतरारोड क्षेत्र में एक युवक के साथ कथित रूप से रास्ता रोककर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कुछ युवकों ने उसकी कार को रोककर हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार मयंक यादव ने एसएसपी को सौंपे आवेदन में बताया है कि 3 जुलाई को वह अपनी कार क्रमांक सीजी 13 एएम 8968 से किसी कार्य से घर से निकला था। घर के समीप मोड़ पर पहले से मौजूद सुरजीत सिंह बघेल, रोशन महंत तथा उनके अन्य साथियों ने बाइक खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनकी मां सहित मोहल्ले की कुछ महिलाएं बीच-बचाव के लिए पहुंचीं, लेकिन उनके साथ भी धक्का-मुक्की की गई। पीड़ित के अनुसार, घटना में उसका एक दांत टूट गया, सिर में चोट आई तथा हाथ में पहनी घड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है। मयंक यादव ने सुरक्षा तथा आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# जिले में पहली बार पिपरमिंट की व्यावसायिक खेती की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के कृषि इतिहास में एक नया और स्वर्णिम अध्याय जुड़ने की तैयारी में है। अपनी अनूठी जलवायु और उपजाऊ मिट्टी के लिए मशहूर जशपुर में अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ नकदी फसलों (कैश क्रॉप्स) का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में जिले में पहली बार पिपरमिंट की व्यावसायिक खेती की शुरुआत की गई है, जिसे लेकर स्थानीय किसानों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

जशपुर में पिपरमिंट की यह कल्टीवेशन कृषि क्षेत्र में किसी बड़ी क्रांति से कम नहीं है। सौगड़ा आश्रम के तत्वाधान में पहली बार प्रयोग के तौर पर 5 एकड़ भूमि में पिपरमिंट की फसल लगाई गई है। आश्रम की इस दूरदर्शी पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय किसानों को आधुनिक, कम लागत और अधिक मुनाफा देने वाली खेती से जोड़ना है, ताकि क्षेत्र में आर्थिक संपन्नता आ सके।

3 महीने में तैयार होगी फसल - आश्रम के मानस सिंह ने इस अनूठी खेती के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि घेराबंदी की जरूरत नहीं: पिपरमिंट की खेती की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके पौधों को मवेशी (गाय-बैल या अन्य जानवर) नहीं खाते हैं। इस वजह से किसानों को खेत की फेंसिंग या घेराबंदी करने में भारी-भरकम खर्च नहीं करना पड़ता।

दवा से लेकर ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक डिमांड- पिपरमिंट एक ऐसी बहुउपयोगी फसल है जिसकी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बारहों महीने जबरदस्त मांग रहती है। औद्योगिक व औषधीय उपयोग किया जाता है इसका उपयोग बड़े पैमाने पर जीवन रक्षक दवाओं, कफ सिरप, पेन किलर बाम और विभिन्न आयुर्वेदिक औषधियों को बनाने में होता है।वही ब्यूटी और कॉस्मेटिक साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, माउथवॉश, फेसमास्क और कई तरह के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स में पिपरमिंट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से किया जाता है। कम समय में बंपर मुनाफा- यह फसल महज 3 महीने (90 दिन) में पूरी तरह तैयार हो जाती है। शून्य बर्बादी इस पौधे का हर एक हिस्सा पत्ती से लेकर तना तक किसी न किसी रूप में उपयोग में आता है, जिससे किसानों को इस खेती में घाटे की गुंजाइश न के बराबर होती है।

### जिले के कृषि इतिहास में एक नवीन अध्याय प्रारंभ



#### बदलेगी किसानों की तकदीर

जशपुर की धरती पर हुआ यह नया और आधुनिक प्रयोग आने वाले दिनों में यहां के किसानों की तकदीर और तस्वीर दोनों बदलने की पूरी ताकत रखता है। सौगड़ा आश्रम के इस सराहनीय और प्रेरणादायी प्रयास की अब पूरे जिले में जमकर तारीफ हो रही है।

#### तेल के साथ सूखे पत्तों की भी मचेगी धूम

इस खेती की सबसे खास बात यह है कि फसल तैयार होने के बाद जहां एक तरफ वैज्ञानिक विधि से पिपरमिंट के पौधों से कीमती तेल (मेन्था ऑयल) निकाला जाएगा, वहीं दूसरी तरफ इसके सूखे पत्तों की भी मार्केट में भारी डिमांड है। यानी जशपुर के किसानो के लिए यह फसल 'आम के आम और गुठलियों के दाम' वाली बात साबित होने जा रही है।

## घटना में प्रयुक्त हथियार, बाइक एवं टॉर्च जब्त

# गौ हत्या के मामले में 4 गिरफ्तार, दो आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

थाना बागबहार क्षेत्र में गौवंश वध के मामले में जशपुर पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार, दो मोटरसाइकिल एवं टॉर्च बरामद कर विधिवत जब्त किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून 2026 को प्रार्थी खेमा निधि यादव, निवासी ग्राम बरखोरिया, थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ के द्वारा थाना बागबहार में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि चार व्यक्ति, दो मोटरसाइकिल एवं पैदल एक गौ वंश को लेकर थाना बागबहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखोरिया से मुडाबहला की ओर जा रहे थे। प्रार्थी के द्वारा पूछताछ करने पर आरोपियों ने उक्त गौ वंश को खरीदकर ले जाने की बात कही, किंतु उनके व्यवहार पर संदेह होने पर ग्रामीणों ने उनकी तलाश की। तलाश के दौरान ग्राम हल्दीझरिया के समीप खेत के गड्ढे में गौ वंश का वध किया हुआ धड़ पाया गया। घटनास्थल पर गाय की खाल, सिर, चारों पैर, कान का बिल्ला, रस्सी, गोबर एवं रक्त के निशान मिले। वहीं मांस काटने में प्रयुक्त लकड़ी का गुटका भी बरामद हुआ। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बागबहार मं अपराध क्रमांक 61/2026, छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 5, 6 एवं 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस की टीम के द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा मौके से प्राप्त साक्ष्यों को गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया



#### फरार आरोपियों की तलाश

पुलिस की पूछताछ पर आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण के अन्य फरार आ गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगातार प्रयासरत है। उनकी पता साजी जारी है, जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### इनकी रही भूमिका

मामले की कार्रवाई व आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक अशोक कुमार पांडे, पी एस आई मोहन मरकाम, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सोनवानी, लव चौहान, आरक्षक अनिल चौहान व पवन पैंकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

#### जल्द गिरफ्तार होंगे आरोपी

मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि थाना बागबहार क्षेत्रांतर्गत गौ वंश वध के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है, मामले से जुड़े दो अन्य आरोपीयों को पुलिस ने चिन्हित कर लिया है, जिनकी पतासाजी जारी है।

# छात्रा पर उगाही के प्रयास का आरोप, सहायक प्राध्यापक ने एसएसपी से मांगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा थाना क्षेत्र के कुंजारा स्थित शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक रेमन भार्गव ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज शिकायत को झूठा, निराधार और साजिश के तहत कराने की बात कही है।

कुछ दिन पहले युवती अपने मंगेतर के साथ प्रोफेसर के निवास पर पहुंची, जहां दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर युवती ने कथित तौर पर प्रोफेसर रेमन भार्गव का कॉलर पकड़कर थप्पड़ मार दिए। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। युवती ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि आरोपी प्रोफेसर ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए कई बार अश्लील संदेश भेजे और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। वायरल वीडियो में युवती प्रोफेसर पर अपनी जिंदगी प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त करती दिखाई दे रही है। वीडियो में प्रोफेसर की पत्नी भी मौजूद नजर आती हैं और स्थिति को शांत कराने का प्रयास करती दिखाई देती हैं। इस मामले में अब सहायक प्राध्यापक रेमन भार्गव ने भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक शिकायत एसएसपी को सौंपते हुए युवती द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार और मनगंढत बताते हुए आर्थिक रूप से उगाही करने का भी आरोप युवती पर लगाया। इसका वीडियों भी उन्होंने पुलिस को सौंप दिया है। एसएसपी को दिए आवेदन के अनुसार, शिकायतकर्ता और उनके परिवार के बीच पूर्व में सौहार्दपूर्ण संबंध थे, लेकिन 29 जून 2026 को थाना में शिकायत दर्ज होने के बाद परिस्थितियां बदल गईं। प्राध्यापक ने आरोप लगाया है कि शिकायत दर्ज होने के पश्चात कुछ लोग उनके घर पहुंचे, घर में प्रवेश कर उनके साथ मारपीट की तथा नौकरी खत्म कराने और पूरे परिवार को बर्बाद करने की धमकी दी। रेमन भार्गव का आरोप है कि घटना के दौरान वीडियो भी बनाया गया और बाद में समझौते के नाम पर उनसे 5 लाख की मांग की गई। आवेदन में यह भी दावा किया गया है कि मांग पूरी नहीं करने पर वीडियो वायरल करने, जान से मारने तथा उनकी नाबालिग बेटी को नुकसान पहुंचाने तक की धमकी दी गई। प्राध्यापक ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्होंने इस संबंध में लैलूंगा थाना में शिकायत भी दिया था।

# काम चालू हुआ ही नहीं और 70 लाख हो गया भुगतान, ठेकेदार के खिलाफ होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**राज्य सभा सांसद मद से पुसौर ब्लॉक के दो गांव में 11 कार्य हुआ था स्वीकृत**

राज्य सभा सांसद मद की राशि में गजब खेल चल रहा है। पहले तो कांग्रेसी राज्य सभा सांसद केटीएस तुलसी के मद से कोसीर के बीजेपी नेता और ठेकेदार को ऑनलाइन पुसौर ब्लॉक के दो ग्राम पंचायत एकताल और मिड़मिड़ा में 11 काम करीब एक करोड़ राशि का स्वीकृत कर दिया गया। इससे बड़ा कांड यह हो गया कि काम चालू हुआ ही नहीं और करीब 70 लाख का भुगतान ठेकेदार को कर दिया गया। राशि मिलने के बाद ठेकेदार की मौज हो गई, उसने काम चालू किया ही नहीं।

बाद में इसकी शिकायत हुई, जांच भी हुआ तो यह पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद भी ठेकेदार को काम पूरा करने का मोहलत दिया गया, लेकिन ठेकेदार ने काम नहीं किया। अब उसके खिलाफ पुलिस में एफआईआर कराने के साथ राशि वसूली के लिए आरआरसी भी जारी करने की तैयारी हो रही है। यह मामला बीते 2023-24 का है। इसमें राज्य सभा सांसद केटीएस तुलसी के मद से पुसौर ब्लॉक के मिड़मिड़ा और एकताल के साथ आश्रित गांव धनुहारडेरा में करीब एक करोड़ का काम सांसद मद से स्वीकृत किया गया था। इसका टेंडर कोसीर के महावीर ट्रेडर्स को मिला था। यह फर्म कोसीर के बीजेपी नेता का है। वेंडर ने काम तो किया नहीं, लेकिन राशि रनिंग बिल लगाकर निकाल ली। जब बीते मार्च में क्लोजिंग के समय जांच की गई तो इसका खुलासा हुआ। तब ठेकेदार को नोटिस जारी की गई, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। न तो ठेकेदार ने काम चालू किया और न ही राशि लौटाई। ऐसे में अब उसके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही हे।

# 22 साल पुराने भू-अर्जन प्रकरण की मूल नस्ती गायब, तहसीलदार ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ तहसील कार्यालय से साल 1991-92 के एक महत्वपूर्ण भू-अर्जन प्रकरण की मूल नस्ती यानी फाइल गायब होने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार रायगढ़ शिवकुमार डनसेना ने चक्रधरनगर थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहसीदार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

इस संबंध प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायगढ़ तहसील में पदस्थ तहसीलदार शिव कुमार डनसेना ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वे 13 अगस्त 2024 से तहसीलदार रायगढ़ के पद पर कार्यरत हैं। न्यायालयीन एवं कार्यालयीन आवश्यकता के चलते जनवरी 2026 से पुराने अभिलेखों की खोजबीन की जा रही थी। इसी



दौरान पता चला कि ग्राम बैकुण्ठपुर की निजी भूमि अधिग्रहण से संबंधित भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 22/अ-82/1991-92, जिसमें कोसा भवन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहित की गई थी, उसकी मूल दस्तावेज अभिलेखागार से गायब है। उक्त प्रकरण में 08 जुलाई 2004 को अवार्ड पारित किया गया था। तहसील कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सह भू-अर्जन शाखा तथा अन्य अभिलेखागारों में व्यापक खोजबीन के बावजूद संबंधित मूल दस्तावेज नहीं मिल सके। अधिकारियों का कहना है कि सूक्ष्म स्तर पर जांच और तलाश के बाद भी फाइल का कोई पता नहीं चलने से उसके चोरी या गुम होने की आशंका प्रबल हो गई है। इस संबंध में तहसीलदार कार्यालय द्वारा 03 जुलाई के तहत चक्रधरनगर थाना प्रभारी को पत्र भेजकर एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(अ) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भू-अर्जन से जुड़े मूल दस्तावेज न्यायालयीन कार्यवाही, मुआवजा भुगतान और भूमि स्वामित्व संबंधी विवादों के निपटारे में अहम भूमिका निभाते हैं।

# लाख कोशिशों के बावजूद नहीं सुधर रही है बदहाल ट्रेफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर में यातायात व्यवस्था लाख कोशिशों और योजनाओं के बाद भी नहीं सुधर पा रही हैं। पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने और यहां वहां वाहनों की पार्किंग करने की वजह से हर दिन शहर में जाम लगता है। खास तौर पर शाम के वक्त शहर की मुख्य सड़कों पर जाम ही नजर आता है।

शहर में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के निगम व यातायात पुलिस द्वारा कई इंतजाम व योजनाएं बनाई गई, किन्तु बावजूद इसके शहर में हर दिन जाम की स्थिति देखने को मिलती है। शहर के सुभाष चौक, गांधी प्रतिमा, गद्दी चौक में हमेशा जाम लगा रहता है। आलम यह है कि एक या दो चार पहिया वाहनों की आवाजाही की वजह से ही यहां जाम लग जाता है। क्योंकि सड़क किनारे दोपहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्थित नहीं होती। वहीं कई लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे कहीं भी रख कर चले जाते हैं। यह भी शहर के भीतर लगने वाले जाम का एक बड़ा कारण है। इन्हें व्यवस्थित करने के लिए हर दिन यातायात गस्त दल द्वारा वाहनों में ऐसे वाहन चालकों को हिदायत दी जाती है। किंतु लाख समझाइश व हिदायत के बाद भी कई वाहन चालक सुधरने का नाम नहीं लेते।

# यात्री का बैग चोरी, सोने के जेवर और नकदी लेकर फरार हुए चोर

रायगढ़। समरसता सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री के बैग से सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पश्चिम बंगाल की जीआरपी के माध्यम से रायगढ़ भेजी गई, जिसके बाद रायगढ़ जीआरपी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता शेख अकरमुद्दीन 29 वर्ष निवासी जिला हुगलीए पश्चिम बंगाल ने बताया कि वह 15 जनवरी को ट्रेन संख्या 12151 समरसता सुपरफास्ट एक्सप्रेस से मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सांतरागाछी के लिए रवाना हुआ था। यात्रा के दौरान वह एस.2 कोच की सीट क्रमांक 63 पर सफर कर रहा था। यात्री के मुताबिक 16 जनवरी की रात करीब 8.55 बजे ट्रेन के रायगढ़ रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ने के कुछ देर बाद उसे अपने सामान की जांच की तब पता चला कि उसका काले रंग का पिट्ठू बैग गायब है। बैग में तीन सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन, सोने का बाला, नेकलेस तथा 13 हजार नकद रखे हुए थे।


## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोटः-**
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने,
कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010
8839189302, 7777887992

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

प्रति,
संचालक
व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

महोदय,
...................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................................... 2. पिता/पति का नाम..........................................................
3. जन्मतिथि.........................4.वर्ग- अनु. जनजाति [ ] अनु. जाति [ ] अन्य पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम.....................पो..............................तहसील..............................
जिला..............................
पिन कोड.......................................मोबाईल नं. 1........................2........................व्हाट्सअप नं........................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)..........................................................................
7. शैक्षणिक योगयताः-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |



## TOP IN RAIGARH


**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

## लाइफ Style



# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।




# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

## टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज़्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।



# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

## संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवाड्र्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सट्र्स के लिए समर्पित कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### क्षेत्र का पहला फ़ास्ट चार्जिंग प्वाइंट

**सरसीवा।** सारंगढ़-बिलाईगढ़-सरसीवां क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सरसीवां स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिष्ठित रिटेल आउटलेट में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग पॉइंट का विधिवत शुभारंभ हो गया है। इस सुविधा के शुरू होने से अब क्षेत्र के साथ-साथ मुख्य मार्ग से गुजरने वाले इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को चार्जिंग की चिंता से बड़ी राहत मिलेगी। सौमित्र फ्यूल्स में स्थापित यह चार्जिंग पॉइंट भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय की योजना के अंतर्गत तैयार किया गया है। यह एक फ़ास्ट चार्जर है, जिसे प्रमुख ऊर्जा कंपनी सूर्या के सहयोग से स्थापित किया गया है। फास्ट चार्जर होने के कारण यहाँ वाहन बेहद कम समय में चार्ज हो सकेंगे, जिससे लंबी दूरी का सफर तय करने वाले चालकों के समय की भारी बचत होगी। अब तक सरसीवां और आसपास के ग्रामीण अंचलों में पर्याप्त चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर न होने के कारण लोग इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर या टू-व्हीलर खरीदने से कतराते थे, या फिर उन्हें केवल घरेलू चार्जिंग पर ही निर्भर रहना पड़ता था।

### डीएमएफ से होगी 6 सड़कों का निर्माण

**रायगढ़।** वनांचल क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए सरकार ने लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डीएमएफ से 6 सड़क निर्माण होगा। इसके अलावा अन्य 2 विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्य में 3 करोड़ 48 लाख 68 हजार से पिपराही से डीपापारा सड़क निर्माण होगी। इसकी लंबाई 3.50 किमी है। सुबरा से कटकलिया पार्ट-2 सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 39 लाख में साढ़े 3 किमी होगा। कोंडकेल से गेरूपानी तक लंबाई 2.80 किमी का निर्माण 2 करोड़ 78 लाख 72 हजार में होगा। ढाप से भवानीपुर मेन रोड तक सड़क निर्माण की राशि 3 करोड़ 44 लाख 35 हजार है। किलकिला से ओड़िशा सा बॉर्डर सड़क निर्माण लंबाई 4.20 किमी के लिए 3 करोड़ 66 लाख 41 हजार स्वीकृत है। बरमुड़ा से उकारीपाली तक 3 किमी सड़क निर्माण 2 करोड़ 91 लाख 18 हजार में होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार एवं रोजगार को नई गति मिलेगी तथा ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### टीबी मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान पूरा

**सारंगढ़।** जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीबी मुक्त भारत 100 दिवसीय विशेष अभियान उल्लेखनीय रूप से सफल रहा। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के विशेष मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ पुष्पेंद्र वैष्णव के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारियों के सहयोग से संचालित इस अभियान ने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के साथ कई मापदंडों में शत प्रतिशत से अधिक उपलब्धि दर्ज की। अभियान के तहत जिले के 70 उच्च जोखिम वाले चिन्हित ग्रामों को प्राथमिकता देते हुए सघन जांच अभियान चलाया गया।

## 1700 हितग्राहियों ने किया 5 लाख 88 हजार यूनिट बिजली उत्पादन

# रोज 8 ग्राहक करा रहे पीएम सूर्य घर का सेटअप इंस्टॉलेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के नेतृत्व में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यों में तेजी आई है। कलेक्टर के द्वारा बैंकर्स और वेंडर्स का संयुक्त बैठक और बिहान के महिला सदस्यों क्रो प्रशिक्षित कर कार्य में शामिल करने से रिजल्ट अच्छा आने लगा है। जिले में हर दिन 8 ग्राहक के घर में पीएम सूर्य घर का सेटअप इंस्टॉलेशन किया जा रहा है। सभी सरकारी कर्मियों के अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा भी इस योजना को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऊर्जा विभाग द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लक्ष्य जिले क्रो 4312 कनेक्शन स्थापित करने का मिला है। जिले में अब तक 1700 से अधिक हितग्राही इस योजना का लाभ ले रहे हैं। हितग्राहियों के द्वारा 5 लाख 88 हजार यूनिट उत्पादन किया गया है, जिससे हितग्राहियों क्रो 25 लाख 80 हजार रूपए का सीधा लाभ मिला है। विगत अप्रैल, मई और जून माह में हितग्राही के घरों, प्रतिष्ठानों और शासकीय तथा निजी कार्यालयों में 550 से अधिक सेटअप स्थापित किया जा चुका है। 780 हितग्राहियों के द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की मांग क्रो विभाग और वेंडर द्वारा पूरा किया जा रहा है।



**1 से 3 किलोवाट सोलर से लाभ**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत एक लाख 8 हजार का अनुदान सीधे उनके बैंक खाता में भुगतान किया जाता है। इस योजना से बिजली बिल कम और नवीन रोजगार सृजन होगा तथा अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। 1 किलोवाट रूफ टाप सोलर क्षमता का संयंत्र स्थापित कराने पर कुल लागत 60 हजार का लागत आएगा, जिसमें केन्द्र सरकार की ओर से 30 हजार का अनुदान और छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 15 हजार का अनुदान दिया जाएगा।



## नाले के तेज बहाव में बह गई बाइक, युवक की बच गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

लगातार हो रही बारिश के चलते बरमकेला ब्लॉक के ग्राम हिर्री और सहजपाली के बीच स्थित नाले में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज बहाव के बीच मोटरसाइकिल सहित नाला पार करने का प्रयास कर रहे एक युवक की जान तो बच गई, लेकिन उसकी बाइक उफनते पानी में बह गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर स्थायी समाधान की मांग की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिर्री सहजपाली मार्ग का यह नाला हर वर्ष बारिश के मौसम में उफान पर आ जाता है। पानी बढ़ते ही दोनों गांवों के बीच संपर्क लगभग टूट जाता है। इसके बावजूद आवश्यक कार्य, रोजगार, खेती बाड़ी और अन्य जरूरतों के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर इसी रास्ते से आवागमन करना पड़ता है। कई बार छोटे बड़े हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लगातार बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव अचानक काफी तेज हो गया था। इसी दौरान एक युवक अपनी मोटरसाइकिल लेकर नाला पार करने की कोशिश कर रहा था। जैसे ही वह बीच धार में पहुंचा, पानी के तेज बहाव ने उसका संतुलन बिगाड़ दिया और वह बाइक सहित बहने लगा। मौके पर मौजूद लोगों की सांसें थम गईं और हर कोई अनहोनी की आशंका से सहम गया। ग्रामीणों के अनुसार युवक पानी के तेज बहाव में कुछ दूर तक बहता चला गया, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और किसी तरह स्वयं को संभालते हुए सुरक्षित बाहर निकल आया। हालांकि उसकी मोटरसाइकिल तेज बहाव की चपेट में आकर पानी में बह गई। युवक के सुरक्षित बच जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, लेकिन घटना ने बरसात के मौसम में उफनते नालों को पार करने के खतरों को एक बार फिर उजागर कर दिया।

एक व्यक्ति उफनते नाले में बहते बहते बचा। नाले पर बनी पुलिया काफी छोटी है। हर वर्ष बरसात के मौसम में जलस्तर पुलिया के ऊपर पहुंच जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ हादसों का खतरा भी बना रहता है।

**भोजमती सिदार**
सरपंच, ग्राम पंचायत हिर्री

**घटना का वीडियो आया सामने**

इस घटना का वीडियो भी सामनें आया है। जिसमें नाले का तेज बहाव साफ दिखाई दे रहा है। वीडियो में लोग युवक को बहते देख चिंतित नजर आ रहे हैं। घटना के बाद आसपास बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि युवक कुछ और देर तक बहाव में फंसा रहता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस स्थान पर शीघ्र स्थायी पुल या ऊंची पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात के दिनों में लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार न करना पड़े। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

## नपं सरिया के तीन एल्डरमैन का भाजपा ने किया स्वागत



**सरिया।** शासन की ओर से नगर पंचायत सरिया के लिए तीन एल्डरमैन नियुक्त किए। इसके बाद शुक्रवार को शाम भाजपा मंडल सरिया ने उनका स्वागत किया। नव नियुक्त एल्डरमैन सुनील मेहर ध्वजाराम प्रधान एवं दिलीप साहू को भाजपा का गमछा पहना कर सम्मान किया गया।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत नगर पंचायत सरिया में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर पंचायत सरिया में तीन एल्डरमैन नियुक्त किए गए। नवनियुक्त तीन एल्डरमैन के स्वागत में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही शामिल हुए। उन्होंने नवनियुक्त एल्डरमैन सुनील मेहर, ध्वजाराम प्रधान एवं दिलीप साहू को भाजपा का गमछा पहनकर एवं मुंह मीठा कर सम्मान किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की सीएम विष्णु देव साय तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में एल्डरमैन की नियुक्ति किए हैं। निष्ठावान, सक्रिय, कार्य कुशल, जन सेवा के समर्पण व्यक्तियों को ही शासन प्रतिनिधि का प्रतिनिधि नियुक्त किया है। आज सरिया में भी सुनील मेहर, ध्वजा राम प्रधान एवं दिलीप साहू को उनके कार्य कुशलता, जन सेवा के समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत सरिया के सभी वार्डों में जनहित के काम करेंगे। विकास में भागीदारी निभाएंगे।

## लंबित मांगों को लेकर कोटवारों ने सौंपा ज्ञापन

**पुसौर।** पुसौर तहसील के कोटवारों ने बस स्टैंड से रैली निकालकर सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार ने कोटवारों की मांगों को शासन के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि प्रदेश संगठन के आह्वान पर पुसौर तहसील के 228 कोटवार शुक्रवार के सुबह बस स्टैंड पुसौर में एकत्र हुए।



वहां से नारेबाजी करते हुए रैली निकाल कर तहसील कार्यालय पहुंचे और अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रखी गईं 4 प्रमुख मांगें नियमितीकरण और संविलियन कोटवारों को नियमित करते हुए राजस्व विभाग में संविलियन किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने भी 10 वर्ष की सेवा पर अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश दिया है। मानदेय में वृद्धि वर्तमान में 3 हजार से 6 हजार तक अल्प मानदेय मिलता है। इसे बढ़ाकर 8 से 15 हजार प्रतिमाह किया जाए। श्रेणी बिना सेवा भूमि श्रेणी को 6 हजार की जगह 15 हजार बी श्रेणी 3 से 7.50 एकड़ सेवा भूमि 5500 रुपए की जगह 12 हजार सी श्रेणी 7.50 से 10 एकड़ सेवा भूमि 4500 रुपए की जगह 10 हजार तथा श्रेणी 10 एकड़ से अधिक सेवा भूमि 3000 रुपए की जगह 8000 रु किया जाए। ज्ञापन को लेकर तहसीलदार अनुराधा पटेल ने कहा कि कोटवार राजस्व विभाग की रीढ़ हैं। उनकी समस्याओं से शासन को अवगत कराया जाएगा और उक्त तथ्यों को शासन के शीर्षस्थ लोगों तक पहुंचाया जाएगा। आंदोलन का नेतृत्व करने वाले पदाधिकारी जिला अध्यक्ष श्यामलाल चौहान, संयोजक जिला सचिव संजय कुमार चौहान, तहसील अध्यक्ष रामसाय चौहान, उपाध्यक्ष बिहारीलाल चौहान, विष्णुचरण चौहान, जिला संगठन मंत्रीध्संरक्षक सुरेन्द्र चौहान, संघ सलाहकार बल्लभ चौहान, कोषाध्यक्ष ब्रजराज चौहान, सचिव रमेश चौहान, प्रदीप चौहान, महामंत्री कुशाराम चौहान, गिरधर चौहान, संगठन मंत्री विष्णुचरण चौहान,महिला प्रकोष्ठ रंजिता चौहान, सपना सिदार।

## सारंगढ़ में अत्याधुनिक मशीनों से हो रहे हैं ट्रॉप टी और डी डाइमर जैसे जटिल टेस्ट



**सारंगढ़।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं मे निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और आम जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के विशेष प्रयासों और कुशल मार्गदर्शन में संचालित इस लैब में मात्र एक महीने की लघु अवधि में कुल 2,632 मरीजों की 11,487 प्रकार की विभिन्न जाँचें निःशुल्क व अत्याधुनिक मशीनों से पूरी सटीकता के साथ की जा चुकी हैं।

लैब का संचालन विशेषज्ञ पैथोलॉजिस्ट डॉ. रमेश साहू के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे मरीजों को बेहद कम समय में भरोसेमंद रिपोर्ट पूरी तरह निःशुल्क मिल रही है। अटल आरोग्य लैब के शुरू होने से अब सारंगढ़ के निवासियों को महंगे और जटिल टेस्ट के लिए बड़े शहरों या निजी सेंटरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। इस सर्वसुविधायुक्त लैब में कुल 134 प्रकार की ब्लड एवं यूरिन जाँच की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित उन्नत टेस्ट अत्याधुनिक मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। ट्रोप टी हार्ट अटैक या दिल की मांसपेशियों में किसी भी तरह के नुकसान का तुरंत पता लगाने के लिए डी डाइमर शरीर की नसों या फेफड़ों में खून के थक्के जमने की स्थिति की जाँच करने के लिए पीटी आईएनआर खून के गाढ़ेपन और थक्का जमने के समय की जाँच के लिए विशेषकर दिल के मरीजों में खून पतला करने की दवाओं की निगरानी के लिए इलेक्ट्रोलाइट शरीर में सोडियम, पोटैशियम और क्लोराइड जैसे जरूरी लवणों का संतुलन देखने के लिए जो डिहाइड्रेशन या किडनी की समस्या में बेहद जरूरी है।

### ननि कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल स्थगित, दो मुद्दों पर बनी सहमति

**रायगढ़।** प्रदेश भर के नगरीय निकाय कर्मचारी आगामी 13 जुलाई से अपने लंबित प्रमुख 5 सूत्री मांगों को लेकर नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरीय निकाय कल्याण संघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की योजना बनाए थे। हालांकि नगरीय प्रशासन सचिव आर संगीता से संघ के प्रदेश नेतृत्व कर्मचारी नेताओं का प्रमुख मांगों को लेकर वार्ता उपरांत हड़ताल स्थगित कर दिया गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोनी ने बताया कि वार्ता एकदम सकारात्मक पूर्ण रहा है। सचिव ने सभी 5 प्रमुख मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए बिंदुवार चर्चा उपरांत दो मांगे जिसमें प्रत्येक माह को समय पर वेतन भुगतान और एनपीएस, जीपीएफ की काटी गई राशियों को कर्मचारियों के खाते में जमा करने सहित नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों के 3-4 महीने से लंबित वेतन का भुगतान तत्काल कराने के बात पर सहमति बनी है।



## शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यालय और विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर बैठक



**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में 04 जुलाई शनिवार को चांदमारी परिसर अंतर्गत तीनों शालाओं शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ के समस्त शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ की बैठक प्राचार्य कक्ष में प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव की अध्यक्षता में भारत माता के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ।

यह बैठक शासन के मंशानुरूप शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यालय विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु रखा गया था। बैठक में प्राचार्य भरत लाल नामदेव जी ने विगत सप्ताह हुई बैठक बिंदुओं के क्रियान्वयनध्पालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सी जी वी एस के एप में कोई समस्या आने पर विद्यालय में अवकाश होने उपरांत समग्र शिक्षा में पदस्थ भूपेन्द्र पटेल नोडल अधिकारी एवं बी आर सी कार्यालय में संपर्क करके समस्या का निराकरण करेंगे। तत्पश्चात प्राचार्य के निर्देश अनुसार प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ डॉ.मनीषा त्रिपाठी ने बैठक में अन्य बिंदुओं यथा एफ एल एन पर क्रियान्वयन पूर्ण रूप से करने, माहवार कक्षावार विषयवार पाठ्यक्रम पूर्ण कर पंजी संधारण करके स्वप्रमाणित कर प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित करवाकर पाठ्यक्रम पूर्णता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने, सभी विषयों हेतु नवाचार कर अध्यापन कार्य करने, कक्षा 5वीं एवं 8वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का क्रमशः अगली कक्षा में प्रवेश प्रधान पाठक द्वारा सुनिश्चित करने, विद्यालय स्तर पर आगमन निगमन पंजी का सुव्यवस्थित संधारण करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था।

### राहुल गांधी से मिलना अपने आप में नई ऊर्जा का संचार है : नगेंद्र

**रायगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अभनपुर में आयोजित 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर से लौटने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने कहा कि यह शिविर केवल औपचारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक मजबूत, सक्रिय और जनोन्मुखी बनाने का व्यापक अभियान था। शिविर में मिली सीख और राष्ट्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए लंबे समय तक प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। नगेन्द्र नेगी ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात उनके लिए बेहद प्रेरणादायक रही। उन्होंने कहा राहुल गांधी से मिलना अपने आप में नई ऊर्जा का संचार है। उनसे पहले भी मुलाकात का अवसर मिला है, लेकिन हर मुलाकात कार्यकर्ताओं के भीतर जनसेवा का नया उत्साह और संगठन के प्रति नई प्रतिबद्धता पैदा करती है।

## 5 वर्षों में 1.75 करोड़ का समर्थन, पहले वर्ष 35 लाख का प्रावधान

# 150 आदिवासी बालिकाओं को मिलेगा उन्नत प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले की आदिवासी एवं वंचित वर्ग की बालिकाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत की गई है। जिला प्रशासन रायगढ़ और अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ के संयुक्त प्रयासों से नव गुरुकुल, केआईटी कॉलेज, गढ़उमरिया में 150 बालिकाओं के लिए उन्नत आईटी एवं सॉफ्टवेयर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

इस परियोजना के प्रभावी संचालन के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ और अदाणी पावर लिमिटेड के बीच एक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के अंतर्गत अदाणी पावर अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं के आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण से जुड़े खर्चों में सहयोग प्रदान करेगी। पहले वर्ष के लिए 35 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से आदिवासी एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि की छात्राओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे उन्हें आधुनिक तकनीकी ज्ञान और रोजगारोन्मुखी कौशल प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाना और उन्हें सम्मानजनक रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना है। जिला प्रशासन के अनुरोध पर अदाणी पावर लिमिटेड ने इस पहल को दीर्घकालिक रूप से सहयोग देने का निर्णय लिया है। कंपनी अगले पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष 35 लाख की सहायता प्रदान करेगी।



**कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं**

150 बालिकाओं को उन्नत आईटी एवं सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण, आवासीय सुविधा के साथ समग्र प्रशिक्षण व्यवस्था, रोजगारोन्मुखी कौशल विकास पर विशेष फोकस्र आदिवासी एवं ग्रामीण बालिकाओं को प्राथमिकता, यह पहल जिले में महिला शिक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण और समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्राएं विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए बेहतर रूप से तैयार होंगी।



